I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)

# FIRST INFORMATION REPORT

## (Under Section 154 Cr.P.C.)

## प्रथम सूचना रिपोर्ट

(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)

1. **District (जिला):** STATE VIGILANCE BUREAU **P.S. (थाना):** SVB HISAR **Year (वर्ष):** 2018

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0001 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 09/01/2018 13:56 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 406 |
| 2 | IPC 1860 | 420 |
| 3 | IPC 1860 | 467 |
| 4 | IPC 1860 | 468 |
| 5 | IPC 1860 | 471 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Intervening Days **Date from (दिनांक से):** 21/08/2009 **Date To (दिनांक तक):** 07/04/2011

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 09:00 hrs **Time To (समय तक):** 05:00 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 09/01/2018 **Time (समय):** 12:50 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 007 **Date and Time (दिनांक और समय):** 09/01/2018 12:52 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** NORTH, 250 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** हरियाणा कृषि उधोग निगम पचंकुला,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** Anil Kumar

(b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 15/03/1965 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address**
**(पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | Hisar, HISAR CITY, HISSAR, HARYANA, INDIA |
| 2 | Permanent Address | SVB Hisar, HISAR CITY, HISSAR, HARYANA, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):**

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरविन्द कुमार मैसर्ज लोकेश सिक्योरिट एजेन्सी हिसार | | Father's Name: होशियार सिंह | 1. मात्रश्याम,HISSAR,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | COIN AND CURRENCY | INDIAN RUPEE | कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निधि व सेवा कर की बोगस फोटो स्टेट रसीदे प्रस्तुत करके, कर्मचारी भविष्य निधि खाते गबन करने बारे | 80,86,365.00 |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):** 80,86,365.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

श्रीमान् जी, जांच क्रमांक 5 दिनांक 09.08.2012 सिरसा, मुख्य सचिव हरियाणा सरकार के यादि क्रमांक 66/71/12-3 चौकसी - II दिनांक 25.07.2012 की अनुपालना मे व महानिदेशक राज्य चौकसी ब्यूरो हरियाणा पचकूला के पृष्टांक न. 10495/आई-3/SVB(H) पंचकूला दिनांक 09.08.2012 व एक अतिरिक्त शिकायत मुख्य सचिव हरियाणा सरकार के यादि क्रमांक 66/71/12-3 चौकसी - II दिनांक 21.09.2012 दर्ज रजिस्टर होकर पड़ताल हेतू इस कार्यालय मे प्राप्त हुई थी जिसमे आरोपों की पडताल निरीक्षक जगजीत सिहं राज्य चौकसी ब्यूरो उप केन्द्र सिरसा द्वारा की गई जिसके अनुसार आरोप नं 1 की पड़ताल में पाया गया कि हरियाणा कृषि उद्योग निगम, पंचकुला द्वारा गेहुं धान व बाजरा की सुरक्षा के लिये सुरक्षा कर्मी उपलब्ध करवाने हेतू दिनांक 26.06.2009 के लिये समाचार पत्रो के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की गई थी, जिसमें कुल 20 फर्मो द्वारा अपने अपने निविदायें पत्र आवेदित किये गये थे। उपरोक्त निविदायें खोलने के लिये श्री ओ.पी. लांग्यान आई.ए.एस., तत्कालीन प्रबन्धक निदेशक, हरियाणा कृषि उद्योग निगम द्वारा चार सदस्यीय कमेटी गठित करके निविदा खोलने के आदेश दिये गये थे। प्राप्त निविदायें की तुलनात्मक विवरणी तैयार की गई। प्रबन्धक निदेशक द्वारा कानूनी सलाहकार से राय लेकर व लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी से नैगोशिएशन करके रेट 0 प्रतिशत करने पर दिनांक 21.08.2009 को सुरक्षा कर्मी उपलब्ध करवाने का ठेका देने के आदेश कमेटी को दिये गये। उपरोक्त आदेशो के आधार पर मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी से दिनांक 25.08.2009 को सुरक्षा कर्मी उपलब्ध करवाने की शर्तो का अनुबंध किया गया, जिसके अनुसार हरियाणा राज्य के जिला प्रबन्धकों द्वारा जरूरत अनुसार मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी से सुरक्षा कर्मी रखे गये। जिला प्रबन्धको द्वारा मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी से लिये गये सुरक्षा कर्मियों के फर्म द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर जिला प्रबन्धकों द्वारा स्थानीय मण्डी निरीक्षकों से बिल

सत्यापित करवा कर कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निधि व सेवा कर सहित, कर अधिभार काट कर बिलों की अदायगी फर्म को की गई। उपरोक्त फर्म का ठेका अवधि एक वर्ष पूर्ण होने उपरान्त पुनः श्री ओ.पी. लांग्यान, तत्कालीन प्रबन्धक निदेशक, हरियाणा कृषि उद्योग निगम, पंचकुला द्वारा दिनांक 13.08.2010 को उपरोक्त फर्म को सेवा शुल्क 0 प्रतिशत पर ही आगामी एक वर्ष के लिये सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराने का ठेका दे दिया गया। कार्यालय हरियाणा कृषि उद्योग निगम की दिनांक 31.08.2010 की नोटिग अनुसार श्री मनमोहन कुमार, एडवोकेट की शिकायत के आधार पर श्रम निरीक्षक, यमुनानगर से प्राप्त पत्र दिनांक 16.08.2010 के अनुसार कि एजेन्सी द्वारा सुरक्षा कर्मियों/चैकीदारों को कम वेतन दिया जा रहा है, उनका कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निधि व सेवा कर भी जमा नहीं करवाया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में जिला प्रबन्धकों से सुरक्षा कर्मियो की भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निधि व सेवा कर जमा करवाने बारे सत्यापन रिपोर्ट मांगी गई, लेकिन प्रबन्धकों द्वारा उपरोक्त विषय बारे कोई सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं गई। जिस पर सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त न होने पर एजेन्सी के बिलों की अदायगी रोक दी गई और कार्यालय ने कार्यवाही करते हुये दिनांक 07.04.2011 को तत्कालीन प्रबन्धक निदेशक, हरियाणा कृषि उद्योग निगम, पंचकुला द्वारा फर्म मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी, हिसार का ठेका खत्म करते हुये फर्म को काली सूची में डाल दिया गया। जांच के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निधि व सेवा कर सहित  राशी जमा करवाने बारे सम्बन्धित विभागो के कार्यालयों कर्मचारी भविष्य निधि संगठन रोहतक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवम् सेवा कर रोहतक व हिसार तथा क्षेत्रीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम फरीदाबाद से मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी द्वारा वर्ष 2009-2010 व 2010-2011 के दौरान जमा करवाई गई, कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निधि व सेवा कर सहित राशि बारे रिपोर्ट प्राप्त की गई। जिसमें कर्मचारी भविष्य निधि की राशि बारे रिपोर्ट प्राप्त हुई कि एजेन्सी द्वारा 2,00,631 रूपये जमा करवाये गये है, लेकिन रिपोर्ट में किसी भी सुरक्षा कर्मी का नाम अंकित नहीं है कि किन किन कर्मचारियों का भविष्य निधि फण्ड जमा हुआ है। इसी प्रकार कर्मचारी राज्य बीमा निगम फण्ड में वर्ष 2009-2010 व 2010-2011 के दौरान मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी के खाते में 29,956 रूपये जमा हुये है, लेकिन यह राशि हरियाणा कृषि उद्योग निगम, पंचकुला की है या नहीं। इस बारे कोई उल्लेख नहीं है और सेवा कर के तौर पर मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी द्वारा कोई धन राशि जमा नहीं करवाई गई जबकि हरियाणा कृषि उद्योग निगम, से कर्मचारी भविष्य निधि खाते के 38,55,791/- रूपये, कर्मचारी राज्य बीमा निधि खाते के 10,34,551/- रूपये व सेवा कर खाते के 34,26,610/- रूपये कुल 83,16,952/- रूपये मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निधि व सेवा कर जमा करवाने की बोगस रसीदों की फोटो प्रतियों पेश करके राशि प्राप्त की। लेकिन मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एव् डिटेक्टिव एजेन्सी द्वारा सम्बन्धित विभागो से पूर्ण राशि जमा न करवा कर गबन किया है और हरियाणा कृषि उद्योग निगम, के अधिकारियो/कर्मचारियों की मिली भगत बारे कोई ठोस साक्ष्य प्राप्त नही हुये है लेकिन हरियाणा कृषि उद्योग निगम, के अधिकारियो/कर्मचारियो द्वारा फर्म द्वारा प्रस्तुत किये गये बिलो की फोटो प्रतियों को तस्दीक न करवा कर घोर लापरवाही का परिचय दिया है। अतः उनके विरूध विभागीय कार्यवाही का सुझाव दिया गया ।  मैसर्ज लोकेश सिक्योरिटी एजेन्सी हिसार के मालिक श्री अरविन्द कुमार पुत्र होशियार सिंह वासी मात्रश्याम जिला हिसार ने हरियाणा कृषि उद्योग निगम, से प्राप्त कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निधि व सेवा कर की बोगस फोटो स्टेट रसीदे प्रस्तुत करके, कर्मचारी भविष्य निधि खाते के 36,55,160/- रूपये, कर्मचारी राज्य बीमा निधि खाते के 10,04,595/- रूपये व सेवा कर खाते के 34,26,610/- रूपये कुल 80,86,365/- रूपये का गबन किया है। इसलिए मैसर्ज लोकेश सिक्योरिट एजेन्सी हिसार के मालिक श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री होशियार सिंह वासी मात्रश्याम, जिला हिसार के विरूद्ध धारा 406,420,467,468 भा.द.स. के तहत अभियोग अंकित करवाये जाने का सुझाव दिया गया  जांच के दौरान आरोप नं 2 के सम्बध मे  ऐंसा कोई तथ्य /साक्ष्य उपलब्ध नही हुआ जिस से आरोप की पुष्टी हो सके आरोप नं 2 सिद्द नही रहा । जांच कर्ता निरिक्षक जगजीत सिंह उप केन्द्र रा. चौ, ब्यूरो (ह) सिरसा ने पडताल उपरान्त निष्कर्ष रिपोर्ट उचित माध्यम से मुख्य सचिव हरियाणा सरकार चौकसी विभाग चण्डीगढ को भेजी गई थी जो अब मुख्य सचिव हरियाणा सरकार के यादि क्रमांक 66/71/12-3 चौकसी - II (1) दिनांक 04.10.2017 की अनुपालना में महानिदेशक रा. चौ. ब्यूरो हरियाणा पंचकुला के पृष्ठांकन क्रमांक 13105/I-3/एस.वी.बी./एच दिनांक 24.10.2017 के अनुसार मैसर्ज लोकेश सिक्योरिट एजेन्सी हिसार के मालिक श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री होशियार सिंह वासी मात्रश्याम, जिला हिसार के विरूद्ध धारा 406,420,467,468 भा.द.स. के तहत अभियोग दर्ज  रजि. करने व मुकदमे की तपतीश के दौरान किसी अन्य की मिलिभगत पाई जाये तो उसे भी तपतीश के दौरान देख लिया जाये बारे पुलिस अधीक्षक कार्यालय राज्य चौकसी ब्युरो  मे प्राप्त हुये आदेशों की अनुपालना में मैसर्ज लोकेश सिक्योरिट एजेन्सी हिसार के मालिक श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री होशियार सिंह वासी मात्रश्याम, जिला हिसार के विरूद्ध धारा 406,420,467,468,471 भा.द.स. के तहत अभियोग बा जुर्म दर्ज  रजि0 किया जाकर मिशल मु0 हजा मय आमदा रिकार्ड (कुल 15 फाईलें जांच क्रमांक 5 दिनांक 09.08.2012 सिरसा मय अन्तिम रिपोर्ट की छाया प्रती ) बराये तफतीश निजद निरीक्षक भूपेन्द्र सिहं उकेन्द्र रा.चौ.ब्यूरो फतेहबाद  अनुसधान अधिकारी के भेजी जा रही हैं। नकुलात प्र. सू. रिपोर्ट ईलाका मैजिस्टेªट साहब व अन्य सम्बन्धित अफसरान बाला को बजरिया डाक भेजी जा रही है SD अनिल कुमार उप पुलिस अधीक्षक राज्य चौकसी ब्यूरो हिसार दिनांक 09.01.2018 । अज थानाः- लेख हजा पर मुकदमा व जुर्म दर्ज रजिस्ट्रर किया जाकर नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर हवाले निरीक्षक भूपेन्द्र सिहं रा.चौ.ब्यूरो उपकेन्द्र फतेहबाद के हवाले की जायेगी ।

**13.** **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Bhupender Singh **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 121HAP **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)

R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)

Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

**Name (नाम):** Mukesh Kumar

**Rank (पद):** INSP

**No. (सं.):** P/INSP

14. Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)

15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 1983 | | | | **Is Proxitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s)(आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused. (यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**